दिनांक : 16.08.2022

प्रेस-विज्ञप्ति

''कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर भिलाई में चयनित पदाधिकारियों ने ली शपथ''

कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर, भिलाई में सीनियर विंग के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 16.08.2022 को पूरी गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर शाला के हेड ब्वाय और हेड गर्ल के अलावा विभिन्न हाउस के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई और उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किय गया।

सभी चयनित पदाधिकारी स्कूल मैनेजमेंट व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा लिए गए साक्षात्कार तथा अन्य प्रक्रियाओं के माध्यम से चुने गए। इस शपथ ग्रहण समारोह का विद्यार्थी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जिसमें हेडगर्ल के पद पर लक्षिता परघनिया तथा हेड ब्वाय के पद पर विभोर सिंह ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु संकल्पित हुए।

शाला के विभिन्न क्लब इंचार्जेस द्वारा क्लब पदाधिकारी निर्वाचित हुए जिसमें लिट्ररी क्लब, मैगजीन क्लब, फोटोग्राफी क्लब, इको क्लब, कल्चरल क्लब, सोशल क्लब, कम्प्यूटर क्लप, रौबोटिक क्लब इत्यादि।

प्राचार्या द्वारा चयनित सभी विद्याथियों को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। ये सभी पदाधिकारी अपना कार्य ईमानदारी से करने का प्रण लेने के साथ ही एक जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु वचनबद्ध हुए। इन विद्यार्थियों को प्राचार्या ने शपथ का अर्थ समझाते हुए कहा कि भारत का सुनहरा भविष्य आप सभी के कंधों पर है। अत: अपने भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ ही अपने कर्तव्यों का पालन भी प्रतिबद्धता से करना चाहिए।

शपथ समारोह में उपस्थित शाला के डायरेक्टर श्री आलोक त्रिपाठी जी ने चयनित सभी पदाधिकारियों को बधाई दी एवं सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शाला में अनुशासन बनाए रखने हेतु सभी का सहयोग वाँछनीय है एवं स्वयं अनुशासन में रहते हुए इन पदाधिकारियों के कार्यों में सहयोग करें।

इस अवसर परशाला की सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का समापन कृष्णा पब्लिक स्कूल गान व राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

प्राचार्या